Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)

President
Dr. Rajbir Parasher
Associate Prof.
RKSD College, Kaithal
Mob.: 09896262257

General Secretary
Dr. Narender Singh
Associate Prof.
Vaish College, Bhiwani
Mob.: 09813326900

Ref.......5-1-11 *Date*......17/2/11

माननीय मित्रो,

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आर.के. सदन में जो एकता आपने 8 फरवरी 2011 को हरियाणा कॉलेज टीचर्ज एसोसिएशन की सामान्य सभा में सभी पदाधिकारियों के सर्वसम्मत चुनाव करके दिखाई है वह हमारी सांगठनिक शक्ति का परिचायक है। इस गौरवपूर्ण सांगठनिक भावना के लिए मैं आप सबको बधाई देता हूँ।

इस सभा का प्रथम सत्र '**Role of Public Funded Institutions in Quality Education**' विषय पर विचार सत्र के रूप में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा के शिक्षा सचिव श्री एस.एस. प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक का दायित्व बहुत गम्भीर होता है और उसमें शिक्षकों के कर्त्तव्यबोध और सेवा नियमों के नए संदर्भों में निर्धारण की आवश्यकता है।

समारोह के उद्घाटन भाषण में राज्य सभा सांसद डॉ० रामप्रकाश ने अपने सारगर्भित संदेश में कहा कि उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में जो मल्टीनेशनल प्राइवेट विश्वविद्यालय तथा अन्य एजेन्सियां आ रही हैं उनके विषय में हमें गंभीरता से सोचना होगा, क्योंकि हमारी जरूरतें हमारी सांस्कृतिक और वैचारिक सोच, हमारी बौद्धिक आवश्यकताएं यहां तक कि भारत जैसे बहुवर्णी परिवेश में शिक्षा के तरीके तक भिन्नता की अपेक्षा रखते हैं। विदेशी विश्वविद्यालय केवल व्यवसाय के लिए भारत की ओर देख रहे हैं गुणवत्ता से उनका कोई सरोकार नहीं है।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के उपकुलपति लै० जनरल डी.एस. संधू ने कहा कि उच्चतर शिक्षा किसी देश की प्रगति का आधार होती है। इसमें देश की सबसे तेजस्वी, विचारशील और जीवन्त पीढ़ी जुड़ी होती है। जिसको अपनी शिक्षा के उपरान्त जीवन के व्यावहारिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखानी होती है। इस क्षेत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका उच्च क्षेत्र से जुड़े समर्पित शिक्षकों की है।

द्वितीय सत्र में हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजबीर सिंह ने, संगठन की द्विवार्षिक रिपोर्ट को पढ़ा तथा संघ की उपलब्धियों और अपेक्षाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन के समस्त पदाधिकारियों तथा सदस्यों के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने संघ के सभी साथियों को अपने निरन्तर सहयोग का विश्वास भी दिलाया। तदुपरान्त संगठन के द्वि वार्षिक चुनावों की प्रक्रिया डॉ. यू.वी. सिंह (चुनाव अधिकारी) द्वारा आरम्भ की गई, जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारियों का चयन आम सहमति से हो गया और मतदान की जरूरत ही नहीं पड़ी। संगठन के इस सर्व सम्मत सम्पन्न चुनाव से हमारी एकता और शक्ति का संदेश सारे समाज में गया है।

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार है :–

प्रधान – **डॉ. राजबीर पाराशर** – आर.के. एस.डी. कॉलेज, कैथल
उपप्रधान (कुरूक्षेत्र जोन) – **डॉ. ईश्वर सिंह** – बी.ए.आर. जनता कॉलेज, कौल
उपप्रधान (न.द. रोहतक जोन) – **डॉ. इन्द्र सिंह** – एस.जे.के. कॉलेज, कलानौर
महासचिव – **डॉ. नरेन्द्र सिंह** – वैश्य कॉलेज, भिवानी
सचिव (कुरूक्षेत्र जोन) – **डॉ. पी.आर. त्यागी** – जी.एन. खालसा कॉलेज, यमुनानगर
सचिव (न.द. रोहतक जोन) – डॉ. **बलजीत कौशिक**, हिन्दू कॉलेज, सोनीपत
वित्त–सचिव – डॉ. **एस.एस. ढिल्लो**, सी.आर.एम. कॉलेज, हिसार

मित्रो ! हमारे संगठन की वास्तविक शक्ति आप सबकी भावनाओं और सक्रिय भागीदारी में ही निहित है। आपने जो महत्त्वपूर्ण दायित्व हमें सौंपा है उसे पूरी निष्ठा और समर्पण से पूरा करने का हमारा संकल्प है और आप सब हमारे सहज और मनोबल का आधार हो।

एच.सी.टी.ए. जिन्दाबाद। **शिक्षक एकता जिन्दाबाद।**

डॉ. नरेन्द्र सिंह
महासचिव